DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 25.08.2024, PAGE-04

अब शिक्षकों के लेक्चर भी होंगे रिकार्ड

विश्वविद्यालय में बनेगा आडियो-विजुअल स्टूडियो सेल को सौंपी गई जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक आडियो-विजुअल स्टूडियो का निर्माण होगा। इसमें शिक्षकों के लेक्चर को रिकार्ड किया जा सकेगा। अत्याधुनिक कैमरे, मॉनीटर से लेकर वीडियो एडिटर और प्रोग्राम की रिकार्डिंग की सुविधा भी होगा। इसके लिए सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध होंगे।

वैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से इसकी व्यवस्था कराई जाएगी। कुलपति की ओर से सेल का गठन किया गया है। इसमें पीजी राजनीति विज्ञान विभाग के डा. अमर बहादुर तुरकुल, दरभंगा कालेज के हिंदी विभाग के डा. राजेश्वर कुमार, डा. पारुलेश और एकजी प्रबंध चालक को शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन - इनोवेशन - बिजनेस लैब भी बनाई जाएगी। इसमें विभिन्न सुविधा और व्यवस्था को विकसित करने के लिए सहायता मिलेगी। इस सेल में डीएसडब्लू डा. अशोक प्रकाश सिंह, डा. शिवशंकर तिवारी, डा. अमरनाथ चौधरालय, डा. पौरवी सहित कुमार, डा. अनिल कुमारी, डा. सुमन कुमारी, डा. दिनेश कुमार, डा. जगदीश कुमारी को शामिल किया गया है। वहीं लैब्स सेंटर के लिए भी सेल का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. दीपी राय के निर्देश पर 11 सेल का गठन किया गया है। सलाहकार की कुलसचिव डा. अमरजीत कृष्णा ने पांच सेल के साथ बैठक की। रजिस्ट्रार ने बताया कि वैक मूल्यांकन के लिए तेजी से कार्य होगा। इसमें जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम का भी सहयोग लिया जाएगा।

रिसर्च के लिए विश्वविद्यालय में सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर होगा स्थापित: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में साइंस संकायों के सभी विभागों में गुणवत्तापूर्ण रिसर्च समेत अन्य कार्यों के लिए सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर स्थापित होगा। टेंडिंग से लेकर रिसर्च कार्य के लिए अब यहां के शिक्षकों से लेकर शोधार्थियों और छात्र-छात्राओं को अन्यत्र नहीं जाना होगा। फिलहाल इसे पीजी भौतिकी विभाग में स्थापित किया जाएगा। बाद में इसके लिए स्वतंत्र भवन होगा। साथ ही स्थायी रूप से लक्ष्यीकरण की रिपोर्ट भी होगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीपी राय के निर्देश पर कमेटी का गठन किया गया है। इसमें पीजी भौतिकी विभाग के प्रो. मंगीश सिन्हा, पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश गुप्ता, डा. रौशन पांडे, डा. राजेश कुमार, डा. विनम्रता को शामिल किया गया है।

एनर्जी आडिट कर कम की जाएगी ऊर्जा की खपत

विश्वविद्यालय का एनर्जी आडिट होगा। इसमें ऊर्जा की खपत कम की जाएगी। पुराने पंखों की जगह पर नए और बिजली बचाने वाले यंत्र लगाए जाएंगे। सोलर प्लांट भी लिंक से जोड़ा जाएगा। प्लांट के उत्पादन में उत्पादन की गई बिजली की खपत बढ़ा दी जाएगी। इसके लिए सेल का गठन किया गया है। इसमें डा. रतन कुमार झा समेत अन्य की सदस्य बनाया गया है। विश्वविद्यालय का ग्रीन आडिट होगा। ग्रीन ग्रोथ बढ़ाने पर फोकस होगा। पेड़ों पर अधिक जोर लगेगा। इसे मॉनल कराते ही पेड़ की पूरी जानकारी मिलेगी। इसके लिए सर्वर सहमतीय कमेटी बनाई गई है। अक्षरशः सर्टिफिकेशन के लिए भी कमेटी गठित की गई है। कार्यशाला का अक्षरशः सर्टिफिकेशन होगा। इसमें डीओए डा. रमेश विश्वकर्मा समेत अन्य को शामिल किया गया है। एनिमल हाउस सेल और म्यूजियम सेल का भी गठन किया गया है। तुलसी और वैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से ईबी प्रेडिटो वाहन का इस्तेमाल होगा। इसमें कैमरा में अवलोकन के लिए वैट्री आपरेटेड गोल्फ की व्यवस्था होगी। एक स्थान की खरीदारी होगी। आदर्श गैलरी और लेण्ड सेंटर सेल का भी गठन हुआ है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.08.2024, PAGE:06

विवि प्रशासन ने बनाई कमेटी, शिशु सदन व बैट्री आपरेटेड गोल्फ भी शुरू होगा

बीआरएबीयू में आर्ट गैलरी बनेगी, खुलेगा बिजनेस लैब

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में म्यूजियम और आर्ट गैलरी खोली जाएगी। वैक मूल्यांकन के लिए यह पहल की जा रही है। विवि में बिजनेस लैब भी खुलेगा। कुलपति प्रो. दिनेश चंद राय के निर्देश पर इसके लिए कमेटियां बनाई गई हैं। रजिस्ट्रार प्रो. अमरजीत ने समिति को कमेटियों की बैठक की थी।

रजिस्ट्रार ने बताया कि वैक मूल्यांकन के लिए म्यूजियम और आर्ट गैलरी जरूरी है। विवि के एक कमरे में म्यूजियम और आर्ट गैलरी बनाई जाएगी। इसके लिए जगह चिह्नित की जा रही है। विवि में बिजनेस लैब भी बनाया जा रहा है। लैब में अर्थशास्त्र के छात्रों को जमाखर के बारे में बताया जाएगा। पीजी अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनीता ने इसका आश्वासन दिया था। डॉ. अनीता ने बताया कि लैब में छात्रों को मध्यम व मध्यम से बनने वाले प्रोडक्ट के बारे में बताया जाएगा। विवि में आदिवासी विजुअल लैब व मिनेटर भी बनेगा। इसका विभाग डॉ. अमरा बहादुर तुरकुल को दिया गया है। विवि में पहली बार इस तरह का लैब व मिनेटर बनाया जा रहा है। कमेटी में डॉ. पारुलेश व डॉ. प्रमेश चालक भी शामिल हैं।

इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए बनी कमेटी

विवि में इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए भी कुलपति ने कमेटी बना दी है। इस कमेटी में प्रो. मनीष सिन्हा, प्रो. रजनीश गुप्ता, डॉ. रौशन पांडे, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विनम्रता और सभी विभागाध्यक्ष को रखा गया है। विवि के दिनों कुलपति ने विवि में इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के लिए पहल की थी। इस सेंटर में विज्ञान के सभी विभागों के शिक्षकों के प्रेजेंटेशन एक साथ होंगे। छात्रों को प्रेजेंटेशन के जरूर उपकरण दिये जाएंगे।

जूलॉजी विभाग में खुलेगा एनिमल हाउस

विवि के जूलॉजी विभाग में एनिमल हाउस खोला जायेगा। इसकी जिम्मेदारी डॉ. विजुल वैभव को दी गई है। इसके लिए भी कमेटी बनाई गई है। कमेटी में डॉ. इंद्रजितेश सिंह व डॉ. आशा कुमारी को रखा गया है। एनिमल हाउस में मछली के बारे में छात्रों को जानकारी दी जायेगी। विवि में शिशु सदन और बैट्री आपरेटेड गोल्फ भी शुरू होंगे। विवि में जल जो भी सफाई अभियान का अधिकारी डॉ. संतोष विश्वकर्मा को दिया गया है।